नामांक Roll No.

No. of Questions — 30

No. of Printed Pages — 3

SS—06—Pub. Adm. (D & D)

उच्च माध्यमिक (मूक-बधिर) परीक्षा, 2015

लोक प्रशासन

PUBLIC ADMINISTRATION

समय : $4\frac{1}{4}$ घण्टे

पूर्णांक : 80

परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :

1. परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न पत्र पर नामांक अनिवार्यतः लिखें।
2. **सभी** प्रश्न करने अनिवार्य हैं।
3. प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर-पुस्तिका में ही लिखें।
4. जिन प्रश्नों में आन्तरिक खण्ड हैं, उन सभी के उत्तर एक साथ ही लिखें।
5.

प्रश्न संख्या	अंक प्रत्येक प्रश्न	उत्तर की शब्द सीमा
1-10	1	–
11-18	2	40 शब्द
19-27	4	100 शब्द
28-30	6	150 शब्द

6. प्रश्न संख्या 28 से 30 में आन्तरिक विकल्प हैं ।

खण्ड — अ

1. लोक प्रशासन का जनक किसे कहा जाता है ?
2. 'इन्ट्रोडक्शन टू द स्टडी ऑफ पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन' पुस्तक किसके द्वारा लिखी गई ?
3. 'सामान्य एवं औद्योगिक प्रशासन' पुस्तक किसके द्वारा लिखी गई ?
4. उर्विक ने संगठन के कितने सिद्धान्त बताये हैं ?
5. किन्हीं ऐसी दो प्रशासकीय संस्थाओं के नाम लिखिए जिनका उल्लेख भारतीय संविधान में किया गया है।
6. शासन की संघीय प्रणाली से आप क्या समझते हैं ?
7. बजट को परिभाषित कीजिये।
8. अनुमान समिति का प्रमुख कार्य बताइये।
9. भर्ती प्रक्रिया में साक्षात्कार की भूमिका लिखिए।
10. नवीन निरंकुशता क्या है ?

खण्ड — ब

11. भारत में लोक प्रशासन के अध्ययन एवं शोध के विकास को संक्षेप में बताइये।
12. नव लोक प्रबन्ध की विशेषता है 'कार्य कुशलता'। इस विशेषता को स्पष्ट कीजिये।
13. हर्बर्ट साइमन द्वारा बताये गये निर्णय प्रक्रिया के विभिन्न चरण बताइए।
14. इडियोग्राफिक एवं नोमोथेटिक अध्ययनों में अंतर स्पष्ट कीजिये।
15. अखिल भारतीय सेवाओं पर टिप्पणी लिखिए।
16. नागरिक-अधिकार पत्र पर टिप्पणी लिखिए।
17. लोकायुक्त व्यवस्था क्या है ?
18. प्रशासनिक सुधार से आप क्या समझते हैं ?

खण्ड — स

19. हेनरी फेयोल ने संगठन के कितने सिद्धान्त बताए हैं ? किन्हीं पाँच सिद्धान्तों को संक्षेप में बताइए।

20. सम्प्रेषण के महत्त्व पर प्रकाश डालिए।

21. नेतृत्व के लक्षणवादी सिद्धान्त को बताइए। एक नेतृत्वकर्ता में आप कौनसे गुण आवश्यक मानते हैं ?

22. विकास प्रशासन के प्रमुख चार लक्षण बताइए।

23. विकास प्रशासन से आप क्या समझते हैं ? इसकी प्रमुख विशेषताएँ बताइए।

24. जिला-आयोजना समिति पर एक टिप्पणी लिखिए।

25. नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक प्रशासन पर वित्तीय नियंत्रण कैसे रखता है ?

26. भर्ती की प्रमुख समस्याओं पर एक निबन्ध लिखिए।

27. आप किन कारकों को भारत में प्रशासनिक नैतिकता के पतन के लिए उत्तरदायी मानते हैं ?

खण्ड — द

28. वैज्ञानिक प्रबन्ध को क्रियान्वित करने के लिए टेलर ने कौन-कौनसी तकनीकें सुझायी ?

अथवा

हेनरी फेयोल द्वारा बताए गए प्रबन्ध के सिद्धान्तों की व्याख्या कीजिए।

29. भारत के योजना आयोग के गठन एवं कार्यों का वर्णन कीजिये।

अथवा

राजस्थान के योजना विभाग का संगठन एवं कार्य बताइए।

30. भारतीय प्रशासनिक व्यवस्था में सामान्यज्ञ एवं विशेषज्ञ विवादों को समाप्त करने के लिए आप क्या सुझाव देना चाहेंगे ? विस्तार से लिखें।

अथवा

राज्यों में लोकायुक्त संस्थाओं की मुख्य विशेषताओं का वर्णन कीजिए। जिला स्तर पर जन शिकायत निवारण तंत्र किन शिकायतों के लिए उत्तरदायी है ?